been sponsored and no expenses have been incurred on it.

(b) No, Sir.

(c) Periscope van which is fitted with video cameras is being often used for checking yellow line violations on selected drives conducted by Delhi Traffic Police.

**भारत छोड़ो आन्दोलन की जयंती के अवसर पर मार्गों का नामकरण**

2089. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भारत छोड़ो आन्दोलन की जयंती के अवसर पर देश में मार्गों के नाम शहीदों के नाम पर रखने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन मार्गों का ब्यौरा क्या है और किन-किन शहीदों के नाम पर इनका नामकरण किया जाएगा ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब)** : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

**गोवा के स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन**

2090. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गोवा मुक्ति संग्राम के कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के पेंशन की मंजूरी संबंधी आवेदन सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके लिए पेंशन की मंजूरी कब तक दे दिए जाने की संभावना है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब)** : (क) से (ग) स्वतंत्रता सैनिक पेंशन योजना, 1980 के अधीन स्वतंत्रता सेनानी पेंशन की मंजूरी के लिए गोवा मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों को पात्र माना गया है । अंतिम तिथि अर्थात् 31-3-1982 के भीतर प्राप्त सभी आवेदन-पत्रों पर विचार किया गया और निर्णय लिया गया/सूचित किया गया है आन्दोलन-वार पृथक आंकड़े नहीं रखे जाते हैं । तथापि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त मामलों और समय-समय पर प्राप्त पुनरीक्षा याचिकाओं पर भी मेरिट के आधार पर विचार-विमर्श किया जाता है, बशर्ते कि वे कुछ निर्धारित मानदण्डों को पूरा करते हों । यह एक सतत् प्रक्रिया है ।

**स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन को बढ़ाया जाना**

2091. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब)** : (क) जी नहीं, श्रीमन् ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) स्वाधीनता संग्राम सेनानियों को पेंशन अभी हाल ही में अर्थात् 12-8-1992 से 250/- रुपए प्रतिमाह बढ़ा दी गई है ।